एक नजर में

## मां कनकेश्वरी मंदिर परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार



इंदौर. शहर के प्रसिद्ध मां कनकेश्वरी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं आसपास के रहवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेल्थ सेंटर का संचालन किया जा रहा है. यहां विभिन्न प्रकार की ब्लड जांचों पर 20 से 70 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है, जिससे आमजन कम खर्च में आवश्यक स्वास्थ्य जांच करा सकें. हेल्थ सेंटर का समय प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से रात 8 बजे तक निर्धारित किया गया है. इसके साथ ही यहां फिजियोथैरेपी सेंटर भी संचालित है, जहां डॉ. किरण पाटीदार (बी.पी.टी.) द्वारा मरीजों को फिजियोथैरेपी संबंधी सेवाएं दी जा रही हैं. फिजियोथैरेपी सेंटर का समय प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 से 6 बजे तक है. मंदिर परिसर में स्वास्थ्य सुविधाओं की यह पहल श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से कई गंभीर बीमारियों का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाया जा सकता है, जिससे समय रहते उपचार संभव हो पाता है. इस जनहितकारी पहल के प्रेरणा स्रोत विधायक कैलाश विजयवर्गीय एवं विधायक रमेश मेंदोला हैं, जबकि इसका संचालन राजकुमार सुनहरे द्वारा किया जा रहा है. मंदिर प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से इन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है.

## संस्थान स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



इंदौर. अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संस्थान कोर कमेटी बैठक संस्थान परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन के मुख्य आतिथ्य में संस्थान स्थापना दिवस के सोलहवें वर्ष के शुभ अवसर पर अनेक कार्यक्रम रखने के निर्णय के साथ सम्पन्न. सर्वप्रथम सामूहिक मंगलाचरण, बैठक में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष चेतन मुसलिया द्वारा स्वागत किया गया. मंच संचालन महामंत्री रितेश सुरावत ने किया. गत बैठक का पठन सदन से स्वीकृत करने एवं आज के विचारणीय बिन्दुओं पर विचार विमर्श हेतु रखें. राजस्थान प्रदेश संरक्षक सुमति लाल दुदावत ने स्थापना दिवस पर पशुपति कल्याण गौशाला में घास, गुड़, पशु आहार अपने हाथों से खिलाकर कार्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पास किया. संस्थान मप्र के प्रवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि इसी क्रम में हंस मुख गनोडिया ने प्रस्ताव रखा कि हमें एक मेडिकल कैम्प और निशुल्क रक्तदान शिविर आयोजित करना चाहिए. इसपर राष्ट्रीय चिकित्सा मंत्री डॉ विवेक जैन को संयोजक बनाया गया. उपस्थित महिला मोर्चा राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष माधुरी जैन एवं राष्ट्रीय महामंत्री विभा सुरावत ने सकल दिगम्बर जैन समाज की महिलाओं को साथ लेकर सावन लहरियां उत्सव 2026 का आयोजन करने की बात कही. इसके लिए सारिका सुरावत, शोभा गनोडिया, चेतना भादावत के साथ कमेटी गठित की गई. महावीर गागावत एवं बसन्त सुन्दरोत ने स्थापना दिवस पर जैन मन्दिरों में सामूहिक भक्तामर स्तोत्र का पाठ रखने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया. सुन्दर लालावत एवं पियूष जैन भिलुडा ने राष्ट्रीय युवा मोर्चा का गठन का प्रस्ताव रखा. कुन्ती लाल जैन ने कहा कि समाज के युवाओं को आगे लाने के लिए करने होंगे. धन्यवाद सुमित लाल जैन ने दिया.

## कुमुदलता महाराज के चातुर्मास कार्यालय का उद्घाटन



इंदौर. महावीर भवन श्रावक संघ ट्रस्ट, इंदौर के पुण्योदय से इस वर्ष अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुदलता महाराज आदि ठाणा 4 का पावन वर्षावास प्राप्त हुआ है. चातुर्मास के सुव्यवस्थित संचालन हेतु नरसिंह वाटिका, एयरपोर्ट रोड पर चातुर्मास कार्यालय का शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। संघ कार्याध्यक्ष अचल चौधरी ने बताया कि चातुर्मास व्यवस्थापन की दृष्टि से कार्यालय का शुभारंभ किया जा रहा है. इस दौरान चार माह तक होने वाले धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन, शिविर एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी. महामंत्री रमेश भण्डारी ने बताया कि महासती डॉ. कुमुदलता के सान्निध्य में इस वर्ष चातुर्मास अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहेगा. चातुर्मास प्रमुख डीपीन जैन एवं मुख्य संयोजक प्रकाश भटेवरा के नेतृत्व में सभी तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं. सह संयोजक राजकुमार जैन एवं हेमन्त बोहरा व्यवस्थाओं की देखरेख कर रहे हैं. चातुर्मास कार्यालय का शुभारंभ समाज सेवी महावीर नाबरिया द्वारा किया गया. साथ ही चातुर्मास के पोस्टर का विमोचन भी किया गया. मुख्य समन्वयक जिनेश्वर जैन ने बताया कि शुभारंभ समारोह में इन्दौर नगर के विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी सम्मलित हुए. विभिन्न मंडलों की श्राविकाएं भी उपस्थित रही. 22 जुलाई को प्रात: महासती मंडल का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश भव्य जुलूस के रूप में होगा यह जानकारी मंगल प्रवेश समिति संयोजक रितेश कटकानी ने दी. मुख्य संयोजक प्रकाश भटेवरा ने समारोह का संचालन किया. विभिन्न समितियों का भी गठन किया गया. शुभारंभ समारोह में मुख्य रूप से रवि बाफना, मुकुंद चंद मेहता, हुलास बेताला, विमल तातेड, बाबू लाल जैन, हनुमान प्रसाद पोरवाल आदि सम्मिलित हुए.

## मुनि सुधा सागर से इंदौर चातुर्मास का निवेदन

इंदौर. मुनि सुधा सागर महाराज के इंदौर चातुर्मास निवेदन की श्रृंखला में



सामाजिक संसद के परम संरक्षक महेंद्र कुमार जैन, अध्यक्ष आनंद गोधा, संगठन महामंत्री प्रिंसिपल टोंग्या, कार्य अध्यक्ष अजय जैन गोयल नगर एवं उत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष संजय (काका) गुना में विराजमान मुनिश्री को इंदौर चातुर्मास हेतु निवेदन किया. गुरुदेव की ओर से एवं संघस्थ सभी मुनि राजो एवं छुल्लक मुनि महाराज का संकेत है कि गुरुदेव का इस वर्ष का चातुर्मास इंदौर में होने की पूरी पूरी संभावना है. केवल अब बस दो दिन हमें गुना स्थित बजरंगगढ़ तीर्थ क्षेत्र पर अपना पूरा समर्पण भाव दिखाना है निश्चित रूप से इस वर्ष का चातुर्मास गुरुदेव का इंदौर में ही होने की पूरी सम्भावना है. प्रवीण जैन ने बताया कि इंदौर के सभी श्रावकों से निवेदन है कि आप भी अपनी तरफ से गुरुदेव के समक्ष उपस्थित होकर अपना निवेदन करें. संगठित होकर यदि हम गुरुदेव से प्रार्थना करेंगे तो उनके चातुर्मास की संभावना निश्चित साकार रूप में परिवर्तित हो जाएगी.

# निगम आयुक्त ने किया जलभराव स्थल का निरीक्षण

▸ वेलोसिटी नाला के गहरीकरण और सफाई के निर्देश



इंदौर. नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार को बॉम्बे हॉस्पिटल, लसूड़िया मोरी, एसआर कम्पाउण्ड, पंचवटी, मालवीय पेट्रोल पम्प, एलआईजी चैराहा, पलासिया चैराहा, खजराना चैराहा के पास सर्विस रोड, रेडिसन चौराहा, रोबोट चौराहा, रिंग रोड आदि क्षेत्रों में जल भराव स्थित का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगवंकर, कार्यपालन यंत्री ओपी कुशवाह, जोनल अधिकारी आनंद रैदास, प्रकाश नागर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

आयुक्त ने झोन क्रमांक 22 में एस.आर. कम्पाउण्ड एवं पंचवटी कालोनी में जलभराव का निरीक्षण के दौरान मनीष वर्मा, खसरा नं. 33/1/2 तलावली चांदा द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा था. निर्माण कार्य के दौरान लाईन स्ट्राम वॉटर लाईन को क्षति पहुंचाने से जलभराव की स्थिति निर्मित हुई थी, जिस पर आयुक्त द्वारा निर्माण कार्य रुकवाने व संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये. इसी के साथ एसआर कम्पाउंड में सीवरेज लाईन डालने के कार्य के बाद रेस्टोरेशन का कार्य करने के निर्देश दिये गये.

आयुक्त के निर्देश पर रेस्टोरेशन का कार्य प्रारंभ किया गया. आयुक्त श्री सिंघल द्वारा झोन 08 में रेडिसन चैराहे से लेकर रोबोट चैराहा तक का निरीक्षण के दौरान उक्त क्षेत्र में चेंबर ठीक अवस्था में पाये गये तथा उक्त क्षेत्र में जल निकासी के लिए वेलोसिटी के सामने नाले के गहरीकरण एवं सफाई के निर्देश दिये गये. आयुक्त के निर्देश के क्रम में नाले के गहरीकरण का कार्य किया गया.

# रपट में बहे युवक का शव दो दिन बाद सिरपुर तालाब के पास मिला

नवभारत न्यूज

**इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के अहीरखेड़ी में बुधवार शाम बारिश के दौरान अहीरखेड़ी में रपट पार करते समय तेज बहाव में बहे युवक का शव शुक्रवार सुबह सिरपुर तालाब के पास से बरामद हुआ. युवक दो दिन पहले अपने दोस्त के साथ बाइक से रपट पार कर रहा था. हादसे में उसका साथी तो किसी तरह बच निकला था, लेकिन वह पानी के तेज बहाव में बह गया था.**

ज्ञात हो कि बुधवार की शाम 27 वर्षीय महेश पिता श्रवण चौहान, निवासी अहीरखेड़ी कांकड़, अपने दोस्त मनीष के साथ रपट पार कर रहा था, इसी दौरान दोनों तेज बहाव की चपेट में आ गए. मनीष तो जैसे-तैसे सुरक्षित बाहर निकल आया, जबकि महेश बह गया था. सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीईआरएफ और स्थानीय बचाव दल ने रात से ही तलाश शुरू कर दी थी. गुरुवार को पूरे दिन सर्च अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली. शुक्रवार सुबह सिरपुर तालाब के पास महेश का शव बरामद हुआ.

मामले में द्वारकापुरी थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद से लगातार पुलिस और रेस्क्यू टीम द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा था. शुक्रवार सुबह सिरपुर तालाब के पास युवक का शव बरामद कर लिया गया. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है तथा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# राजीनामे के लिए 50 हजार रुपए नहीं देने पर मारपीट, धमकी

इंदौर. विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित द लाइब्रेरी बार में एक युवती पर पुराने मामले में राजीनामा करने के लिए 50 हजार रुपए देने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है.

फरियादिया सोनिका कदम की शिकायत पर पुलिस ने नीरज शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. मामले में थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल का कहना है कि आरोपी द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है.

## कैफे से सिगरेट के पैकेट और नकदी ले उड़े बदमाश

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित सीएम हाउस कैफे में अज्ञात बदमाश चोरी कर फरार हो गए. पुलिस ने फरियादी लवकुश मीणा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. बदमाश कैफे से सिगरेट के पैकेट और गल्ले में रखी नकदी चुराकर ले गए. थाना प्रभारी राजकुमार यादव का कहना है कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है, साथ ही मुखबिर तंत्र भी सक्रिय किया है.

# नगर निगम ने हटाए दो खतरनाक जर्जर भवन

▸ वर्षा ऋतु में संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अभियान जारी

**इंदौर. नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शहर में स्थित जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में दो जर्जर भवनों को सुरक्षित तरीके से हटाया गया.**

शुक्रवार को नगर निगम के रिमूवल दल द्वारा जोन क्रमांक 05 अंतर्गत 68/5 परदेशीपुरा स्थित एक जर्जर भवन तथा जोन क्रमांक 3 अंतर्गत 11 सराफा स्थित एक जर्जर भवन को सुरक्षित तरीके से हटाया गया. इस प्रकार आज कुल दो जर्जर भवनों का रिमूवल कर क्षेत्र को संभावित खतरे से मुक्त किया गया. कार्रवाई के दौरान भवन अनुज्ञा शाखा के क्षेत्रीय भवन निरीक्षक, भवन अधिकारी, सहायक रिमूवल अधिकारी एवं संबंधित अमला मौके पर उपस्थित रहा. आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं तकनीकी सावधानियों के साथ पूरी कार्रवाई संपन्न की गई, ताकि आसपास के क्षेत्र में किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो.

**नगर निगम को दें सूचना:** नगर निगम इंदौर द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई है कि यदि उनके क्षेत्र में कोई भवन अत्यधिक जर्जर अथवा दुर्घटना की दृष्टि से संभावित रूप से खतरनाक स्थिति में दिखाई देता है, तो इसकी सूचना तत्काल नगर निगम को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके.



# ट्रेन में 4 यात्रियों के मोबाइल व जेवरात पर किया हाथ साफ

▸ चलती ट्रेनों में चोरों का आतंक

**इंदौर. अलग-अलग ट्रेनों में सफर कर रहे 4 यात्रियों के मोबाइल और जेवरात चोरी होने के मामले सामने आए हैं. एक मामले में जीआरपी इंदौर ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि तीन मामलों में घटनास्थल अन्य थाना क्षेत्रों में होने से जीरो पर अपराध दर्ज कर संबंधित जीआरपी थानों को डायरी भेज दी गई.**

इंदौर निवासी संजीदा कुरैशी 30 जून को ट्रेन शांति एक्सप्रेस के एस 6 कोच में परिवार के साथ अहमदाबाद से इंदौर आ रही थीं. यात्रा के दौरान उन्होंने अपना करीब 15 हजार रुपए कीमत का ओप्पो मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था. ट्रेन के इंदौर स्टेशन पहुंचने पर नींद खुली तो मोबाइल गायब मिला. शिकायत पर जीआरपी इंदौर ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है. वहीं, धार निवासी अनिल सोलंकी ने शिकायत की कि 1 जुलाई को ओवरनाइट एक्सप्रेस से जबलपुर से इंदौर आते समय उनका करीब 10 हजार रुपए कीमत का वीवो मोबाइल चोरी हो गया. घटना अब्दुल्लागंज स्टेशन क्षेत्र की होने से जीरो पर अपराध दर्ज कर डायरी जीआरपी रानी कमलापति, भोपाल भेजी गई.

## ट्रेन में यात्रा के दौरान जेब से मोबाइल उड़ाया

इसी तरह इंदौर निवासी अजय कुमार ने बताया कि 29 जून को दौंड-इंदौर एक्सप्रेस के जनरल कोच में पुणे से इंदौर की यात्रा के दौरान उनकी जेब से करीब 15 हजार रुपए कीमत का ओप्पो मोबाइल चोरी हो गया. घटना देवास क्षेत्र की होने से जीरो पर अपराध दर्ज कर डायरी जीआरपी उज्जैन भेजी गई. एक अन्य मामले में उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी मालती तिवारी 30 जून को ट्रेन काशी महाकाल एक्सप्रेस के जनरल कोच से सुल्तानपुर से इंदौर आ रही थीं. यात्रा के दौरान उनका छोटा पर्स चोरी हो गया. पर्स में चार ग्राम सोने की चेन, पांच ग्राम चांदी की पायल, एक रियलमी मोबाइल और 500 रुपए नकद सहित 30,500 रुपए का सामान रखा था. घटना उज्जैन स्टेशन क्षेत्र की होने से जीरो पर अपराध दर्ज कर डायरी जीआरपी उज्जैन भेज दी गई.

## आवश्यक कार्रवाई की जा रही है...

इस संबंध में जीआरपी इंदौर की डीएसपी ज्योति शर्मा का कहना है कि चलती ट्रेनों में चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है. इंदौर क्षेत्र के मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, जबकि अन्य मामलों में घटनास्थल से संबंधित जीआरपी थानों को जीरो पर अपराध दर्ज कर डायरी भेजी गई है. आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है.

# दहेज प्रताड़ना मामले में सास-ससुर की अग्रिम जमानत खारिज

**इंदौर.** दहेज प्रताड़ना, मारपीट और आपराधिक धमकी के मामले में जिला न्यायालय ने शाजापुर निवासी योगेंद्र कोठारी और उनकी पत्नी अर्चना कोठारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी. कोर्ट द्वारा पारित आदेश में अदालत ने कहा कि जब विवेचना अधिकारी स्वयं आरोपितों की गिरफ्तारी आवश्यक नहीं मान रहा है और नियमानुसार नोटिस की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, तब अग्रिम जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता.

महिला थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार फरियादिया अवधि जैन का विवाह 30 अक्टूबर 2025 को अक्षत कोठारी से हुआ था. शिकायत में आरोप है कि विवाह के बाद पति, सास और ससुर ने कम दहेज लाने का ताना देकर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना शुरू कर दी तथा विवाह में मिले आभूषण और अन्य स्त्रीधन अपने कब्जे में रख लिया. शिकायत में पति पर मारपीट करने तथा सास ससुर पर वकालत करने के लिए हर माह 35 हजार रुपए लाने का दबाव बनाने, इंदौर आने जाने से रोकने और घर में बंद रखने की धमकी देने के आरोप भी लगाए हैं. सुनवाई के दौरान आरोपितों ने स्वयं को वरिष्ठ नागरिक बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और गिरफ्तारी की आशंका के चलते अग्रिम जमानत दी जाए. वहीं पुलिस ने अदालत को बताया कि मामले की जांच जारी है, लेकिन फिलहाल गिरफ्तारी आवश्यक नहीं है. इस पर न्यायालय ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी.

# ट्राले की टक्कर से युवक की मौत

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में स्कीम 136 चौराहे से खालसा चौराहे के बीच लक्स होटल के सामने ट्राले की टक्कर से 25 वर्षीय निशांत जोशी की मौत हो गई. थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि मृतक के पिता अमर जोशी की शिकायत पर पुलिस ने ट्राला नम्बर एचआर 55 एएस 4677 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच की जा रही है.

**अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार :** एरोड्रम पुलिस ने सुपर कॉरिडोर सर्विस रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने कार्रवाई करते हुए राज उर्फ आर.जे. चौहान निवासी कुशवाहा नगर को गिरफ्तार किया. उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस तथा बिना नंबर की काले रंग की सुजुकी एक्सेस जब्त की गई. आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है.

## ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

इंदौर. राजेंद्र नगर पुलिस ने प्रतीक सेतु ब्रिज के नीचे कार्रवाई करते हुए भीमनगर में रहने वाले संजय इंगले उम्र 36 साल को गिरफ्तार किया. उसके कब्जे से करीब 10.02 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग छह हजार रुपए बताई गई है. मामले में थाना प्रभारी यशवंत बड़ोले का कहना है कि पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी से पूछताछ कर रही है.

# सीखने की ललक ही सफलता की पहली सीढ़ी है: मेजर डॉ. सोहनी

▸ मां कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन

इंदौर. माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय, में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम के तृतीय दिवस नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, छात्र हितैषी योजनाओं एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर डॉ. संजय सोहनी ने की.

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मेजर डॉ. संजय सोहनी ने अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं सकारात्मक सोच के साथ महाविद्यालयीन जीवन की शुरुआत करने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि सीखने की ललक ही




सफलता की पहली सीढ़ी है. महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है. कार्यक्रम में डॉ. अंजली पाल ने विभिन्न संकायों एवं पाठ्यक्रमों की जानकारी दी. डॉ. शैलेंद्र पिपरिया एवं डॉ. प्रियंका ढलवानी ने राष्टीय शिक्षा नीति-2020 के प्रमुख प्रावधानों, बहुविषयक शिक्षा तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध नए अवसरों से परिचित कराया. डॉ. अमित पांचाल ने परीक्षा पद्धति एवं मूल्यांकन प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की. डॉ. स्मिता चैतन्य ने स्वामी विवेकानंद करियर गाइडेंस सेल की गतिविधियों एवं रोजगारोन्मुखी अवसरों पर प्रकाश डाला. छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी डॉ. पुष्पा पठौते ने विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी.

## पुस्तकालय का नियमित उपयोग करें

ग्रंथपाल डॉ. प्रेमलता चौरसिया ने महाविद्यालय के पुस्तकालय, ई-रिसोर्स, पुस्तक निर्गमन व्यवस्था तथा उपलब्ध अध्ययन संसाधनों की विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को पुस्तकालय का नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया. डॉ. प्रगति जैन ने एबीसी आईडी, अपार आईडी, स्वयं पोर्टल एवं युवा उत्सव की जानकारी प्रदान की. क्रीड़ा अधिकारी डॉ. बबीता अग्रवाल ने खेल विभाग, ईको क्लब तथा मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना की जानकारी दी. संचालन डॉ. निशांत मिश्रा ने किया.

एक नजर में ▸ ब्रह्माकुमारीज के सुरक्षा सेवा प्रभाग के अभियान स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण का समापन समारोह

# पुलिस सर्विस में शारीरिक दक्षता के साथ मानसिक शक्ति आवश्यक: आईजी अनुराग

**इंदौर. ब्रह्माकुमारीज के सुरक्षा सेवा प्रभाग के अभियान स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण का समापन समारोह न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर, ओमशांति भवन में संपन्न हुआ.**




कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण अनुराग जी ने कहा कि पुलिस की नौकरी में बहुत ज्यादा भागदौड़, परिश्रम करना पड़ता है इसलिए शारीरिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है, पर उससे भी ज्यादा जरूरी मानसिक शक्ति का होना है क्योंकि मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही सही समय पर सही निर्णय ले सकता है. इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण केवल एक अभियान नहीं लेकिन एक विचारधारा है जो हमें बताती है कि किसी भी राष्ट्र की शक्ति उसके नागरिक होते हैं. आपने स्व सशक्तिकरण का अर्थ बताते हुए कहा कि व्यक्ति के विचारों, भावनाओं, आवेगों, संवेगों, प्रतिक्रियाओं को सकारात्मक रूप से नियंत्रित करना ही स्वयं को सशक्त बनाना है. बीएसएफ के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि अशांत मन किसी काम के लायक नहीं रहता, गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं कर सकता इसलिए हर परिस्थिति में मन, मस्तिष्क को शांत रखने के लिए सकारात्मक नजरिया विकसित करना जरूरी है. इसके लिए राजयोग मेडिटेशन कारगर उपाय है.

## घर में अपनत्व के साथ प्रवेश करें

अभियान के समापन सत्र में प्रेरक वक्ता एवं लाइफ कोच ब्रह्माकुमार संजीव भाई तथा ब्रह्माकुमार कमल भाई ने तनाव मुक्त और खुशहाल जीवन जीने की कला बताते हुए कहा कि कार्यालय तथा पद से जुड़ी जिम्मेवारियां कार्यस्थल तक ही सीमित रखें. घर लौटते समय अपने पद, अधिकार और तनाव का मुखौटा बाहर छोड़कर परिवार में प्रेम, धैर्य और अपनत्व के साथ प्रवेश करें. माउंट आबू से आए सुरक्षा सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक ब्रह्माकुमार शैलेंद्र भाई ने सुरक्षा सेवा प्रभाग की सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी. संचालन सुरक्षा सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक भाई ने किया. ब्रकु अनीता दीदी ने आभार माना.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में केपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के संग एकीकृत)
(CIN: L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस: केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन: +91 44 4564 4000, फैक्स: +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

परिशिष्ट IV [नियम 8(1)] कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

चूंकि अधोहस्ताक्षरी ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (भूतपूर्व कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 28.05.2025 को एक मांग सूचना जारी कर उधारकर्ता, सह-उधारकर्ताओं और गारंटरों 1. जगदीश खुशीलाल 2. हेमलता जगदीश से उक्त मांग सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि रुपये 9,15,791.13/- (केवल नौ लाख पंद्रह हजार सात सौ इंक्यानवे रुपये और तेरह पैसे), जो कि 27.05.2025 तक देय है, चुकाने का आह्वान किया था. उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अत: एतद् द्वारा उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित शक्तियों के तहत आज जुलाई 2026 के 02वें दिन को यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्ज़ा ले लिया है. विशेष रूप से उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से आम जनता को एतद् द्वारा आगाह किया जाता है कि वे इस संपत्ति के साथ कोई लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ किया गया कोई भी लेन-देन रुपये 9,15,791.13/- (केवल नौ लाख पंद्रह हजार सात सौ इंक्यानवे रुपये और तेरह पैसे) की राशि और उस पर लगने वाले ब्याज के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (भूतपूर्व कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार (चार्ज) के अधीन होगा. उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित आस्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

अचल संपत्तियों का विवरण

प्लॉट/मकान संख्या 01 का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट है, जो ग्राम- सनावदिया, पटवारी हल्का नं. 41 (गाइडलाइन 58 के अनुसार), तहसील एवं जिला- इंदौर, मध्य प्रदेश - 452016 में स्थित है, और इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- पहाड़ (माउंटेन), उत्तर- गुलाब का मकान, दक्षिण- रामकिशन का मकान.

दिनांक: 02-07-2026
स्थान: मध्य प्रदेश
ऋण खाता संख्या: 124990165

अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (भूतपूर्व कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)